## एक नजर में

### लाल चौकी नवरात्रि मंडल द्वारा 11 फीट आकर्षक प्रतिमा स्थापित



**खंडवा।** लालचौकी क्षेत्र में नवरात्रि पर्व पर घट स्थापना के साथ शक्ति और भक्ति का पर्व नवरात्रि श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है । लाल चौकी नवरात्रि मंडल द्वारा 52 वर्षों से माता जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है । इस वर्ष 11 फिट ऊंची भव्य नयनाभिराम आकर्षक मां दुर्गा की स्थापना की गई है । जिसके दर्शन हेतु नगर के भक्त जनों की भीड़ उमड़ रही है । प्रतिदिन रात्रि में गरबा,आरती जैसे अन्य धार्मिक कार्य नवरात्रि पर्व में किए जा रहे है। अष्टमी को महा आरती की जावेगी । श्री नवदुर्गा उत्सव समिति लालचौकी के अध्यक्ष महेंद्र यादव, सचिव वी .के .दुबे, संजय शुक्ला एवं राकेश झवर ने बताया कि नवमी को आरती, हवन के बाद कन्या भोज के साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा ।उक्त जानकारी शैलेष पालीवाल द्वारा ने दी ।

### रक्त दान शिविर का आयोजन




**मून्दी ।** संत सिंगाजी शासकीय महाविद्यालय मून्दी में बुधवार को रेडरिबिन क्लब के अंतर्गत रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया ।प्राचार्य डॉ .प्रभाकर साल्वे द्वारा विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के बारे में समझाया । प्रभारी डॉ .सुनीता पमनानी द्वारा विद्यार्थियों का चयन किया । महाविद्यालय के 04 छात्र/छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया । कार्यक्रम में डॉ. दीपक साबू,प्रो .इदरीस अहमद ,जगदीष वर्मा ,भगवती प्रसाद अहिरवार एवं सरदारसिंह चौहान उपस्थित रहें ।

### पिछले 24 घंटों में जिले में हुई 16 .6 मिली मीटर औसत वर्षा

**खण्डवा।** खंडवा जिले में गत चौबीस घंटों में 16 .6 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है ।अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में खण्डवा तहसील में 8 मिली मीटर, हरसूद में 45, पंधाना में 8 और खालवा में 22 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गईहै, जबकि पुनासा तहसील में कोईभी वर्षा दर्ज नहींकी गईहै। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 24 सितम्बर तक जिले में 861 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी थी ।जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 762 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है ।इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 883 मि .मी ., हरसूद तहसील में 655 मि .मी ., पन्धाना तहसील में 661 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 778 मि .मी . तथा खालवा तहसील में 833 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है ।उल्लेखनीय है कि खण्डवा जिले की औसत वर्षा 808 मिली मीटर है।

### रेडक्रॉस सोसायटी की साधारण सभा की बैठक 26 सितम्बर को

**खण्डवा ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला इकाई खंडवा की साधारण सभा की वार्षिक बैठक 26 सितम्बर को होगी ।डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के सभी आजीवन सदस्य एवं अन्य सदस्यों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### पुनासा में ''अल्पविराम-परिचय'' कार्यशाला

**खण्डवा ।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान एवं जन अभियान परिषद द्वारा एक दिवसीय अल्पविराम-परिचय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत पुनासा के सभागार में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पंचायत विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आनंद का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खुश रहने के लिए दूसरों की छोटी-छोटी मदद करना प्रारंभ करें एवं कुछ समय स्वयं के लिए भी निकालें। उन्होंने कहा कि हम जितना समय मोबाइल फोन पर अपव्यय करते हैं, उतना स्वयं को दें तो आनंदित और तनाव मुक्त रहेंगे ।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले ने राज्य आनंद संस्थान का परिचय देते हुए संस्थान का परिचय वीडियो दिखाया। उन्होंने बताया कि जीवन में आनंद क्या है, आनंद कैसे बढ़ता है और कैसे घटता है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक मोहन जाट, मास्टर ट्रेनर नारायण फरकले,भरत लौवंशी एवं पुष्पा अटूट सहित लगभग 60 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

### शिवरिया टाउनशिप ने जीते 9 पदक



**खंडवा।** शिवरिया टाउनशिप की ताइक्कांडो टीम ने उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण,3 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। कोच मुगीस खान और फैजान खान के नेतृत्व में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया ।स्वर्ण पदक विजेताओं में इशिका ठाकुर,आरोही वाकडे और अथर्व धुर्वे शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में अनाया वार्कडे,आदित्य सिंह और नियति ठाकुर हैं। कांस्य पदक विजेताओं में सीर्थी श्रीवास्तव,प्रनाया चौहान और अमायरा टिग्गा शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों को क्लब के अभिभावकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# अमावस्या के अंधेरे में कब्रें खोदने वाला नरपिशाच कबरबिज्जू नहीं 'इंसान' निकला!

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** लंबे समय से कब्रों को खोदकर सनसनी मचाने वाला कबरबिज्जू कोई जानवर नहीं, इंसान निकला। वह साइको दूर्दांत और खूंखार किस्म का है। उसने पहले भी दो पत्नियों की हत्या की थी।

एक दर्जन अपराध के मामले जावर थाने में उसकी कहानी बता रहे हैं। अय्यूब खान नाम का 50 वर्षीय यह शातिर अपराधी जो दिमाग में आ जाता था, उसे अंजाम देकर ही मानता था।

### इच्छाधारी बनना चाहता था अय्यूब

अय्यूब के दिमाग में यही बात घूमने लगी थी। ऐसा करके वह इच्छाधारी बनना चाहता था। दुनिया की हर सहुलियत इसी रास्ते से हासिल करना चाहता था। इंदौर जेल से 19 मई 2025 में छूटने के 10 दिन बाद ही उसने खंडवा की चार और सिहाड़ा की दो खबरों से छेड़छाड़ की।

### कब्रखोर शैतान इंसान नहीं हो सकता

अय्यूब खान इंसान के रूप में शैतान है। कब्रखोर इस शख्स को कबरबिज्जू भी कहा जाए, तो कम नहीं होगा। अमावस की काली रात में इंसान घर की देहरी से निकलने में डरता है। यहां जिंदा भूत अय्यूब तो कब्रिस्तान के पिछले रास्ते से दबे पांव आकर कब्र खोदता था। उससे लाश निकलता था। तांत्रिक क्रिया करता था। उसे जरा सा भी खौफ ना भूत पलीतों से था। ना ही समाज और पुलिस का डर।

### दो पत्नियों को मुर्गी की तरह काट चुका था

ऐसा पहला मामला देखने को मिला है, जिसने लगभग 8 कबरें खोद दी होंगी। नरपिशाच अय्यूब इतना घातक है कि उसने अपनी दो पत्नियों का भी मर्डर खुलेआम बेदर्दी से कर दिया था।

### इंदौर जेल में कैदियों ने बदला अय्यूब का भेजा

एक पत्नी की हत्या में उसे आजन्म कारावास हुई। इंदौर सेंट्रल जेल खंडवा से इसलिए भेजा गया था कि वह यहां लोकल का होने के कारण उपद्रव करता था। इंदौर जेल में उसे किसी ने बता दिया कि अमावस्या के दिन ताजी महिला की कब्र खोदकर उसके बाल निकल लिए जाएं और तांत्रिक क्रिया कर जो भी इच्छा हो वह पूरी की जा सकती है।

### इंसानी कबरबिज्जू को देख रास्ता बदल लेते थे लोग

चाकूबाजी और अन्य तरह के अपराध एक दर्जन कर चुका था। लोग सिहाड़ा गांव में उससे त्रस्त थे। वह जिस क्षेत्र से गुजरा था। वहां के लोग दरवाजे बंद कर लेते थे। अपने रास्ते बदल लेते थे। ठीक उसी तरह, जैसे एक फिल्म में अमजद खान दिलावर के रोल में निकलते थे, तो लोग दुकानों के शटर बंद करने लगते थे।

### सीरियल अपराधों का इतिहास रचा

इस घटना को लेकर मुस्लिम समुदाय में काफी नाराजगी थी। घटना घटित करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की जा रही थी। आरोपी अय्यूब खान पिता इस्माईल खान उम्र 50 साल निवासी ग्राम मुंदवाड़ा थाना जावर जिला खण्डवा का रहने वाला है। आरोपी पूर्व में चोरी एवं हत्या जैसे जघन्य अपराध कर चुक है। गाँव के लोग उसे उसके कृत्यों के कारण शैतान कहते हैं।

### जेल से छूटते ही आठ कब्रें खोद डालीं

ऐसे हैवन के बारे में लोगों का कहना है कि उसे समाज में अब कभी खुला ना छोड़ा जाए। जेल से आने के बाद लगता था कि सुधर जाएगा, लेकिन 10 दिन के अंदर उसने ऐसे जघन्य कृत्य कर डाले की खंडवा में इस तरह के अपराध का इतिहास बना दिया।



### सीसीटीवी की गिरफ्त में ऐसे आया पिशाच

इसके बाद भी वह सफल नहीं हुआ,तो इस भूतड़ी अमावस्या के दिन भी उसने खंडवा में कब्रिस्तान में दो कबरें खोद डालीं। ऐसी घटनाएं होने के कारण कब्रिस्तान के प्रबंधकों ने कैमरे लगाए थे। उसमें वह व्यक्ति कैद हो गया । निर्वस्त्र होकर तांत्रिक क्रिया करता हुआ भी दिखा। पुलिस ने इसी आधार पर दिन-रात एक कर दिए। भोपाल तक के वरिष्ठ अधिकारियों का भी पुलिस पर दबाव था। संवेदनशील मामला होने के कारण इसे मनोज राय जैसे अनुभवी आईपीएस ही हैंडल कर सकते थे। पुलिस ने आखिर अय्यूब खान को पकड़ लिया।



### अय्यूब ने 2008 से पुलिस की नाक में दम कर रखा था



आरोपी पूर्व में अपनी दो पत्नियों की हत्या कर चुका है। वर्ष 2008 से 2012 में साइको की तरह चोरी और अन्य अपराध से पुलिस परेशान थी। पत्नी की हत्या के बाद सजा हुई। हाल ही में जेल से छूटा। इसके बाद उसने नराधम की तरह ऐतिहासिक अपराधों को अंजाम देना शुरू कर दिया।

## भावसिंहपुरा में बोरी बंधान निर्माण हेतु सांसद व विधायक ने किया श्रमदान



नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** वर्षा के बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र के जल स्त्रोतों का भूजल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से खण्डवा जिले में नदी नालों पर बोरी बंधान संरचनाएं निर्मित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल व विधायक खण्डवा श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे ने जिले के ग्राम भावसिंहपुरा पहुंचकर बोरी बंधान संरचना निर्माण के लिए श्रमदान किया।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर सांसद श्री पाटिल को बताया कि जिले के नदी नालों पर वर्षा के बाद बहते पानी को रोकने के लिए इस तरह की बोरी बंधान संरचनाएं बनवाने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की संरचनाओं के निर्माण से आसपास के जल स्त्रोतों का भूजल स्तर बढता है, जिससे सिंचाई एवं पेयजल के लिए लंबे समय तक गांव में पानी उपलब्ध रहता है।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा तथा जनपद पंचायत खण्डवा के सीईओ डॉ. कृष्णा सुशिर भी मौजूद थे।

## खण्डवा-इन्दौर मार्ग से भारी वाहनों के लिए प्रतिबंध हटाया



नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए खण्डवा-इन्दौर मार्ग को भारी वाहनों के आवागमन के लिए प्रतिबंधित किया था। अब कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने यह प्रतिबंध हटाते हुए खण्डवा-इन्दौर मार्ग पर भारी वाहनों के परिवहन की अनुमति सम्बंधी आदेश जारी किए हैं।

### कोच जैद सम्मानित



**खंडवा।** इंडिया ताइक्कांडो स्टेट प्रतियोगिता में निमाड़ ताइक्कांडो क्लब के कोच मोहम्मद जैद का सम्मान किया गया। उन्हें उज्जैन ताइक्कांडो के मुकुंद झाला द्वारा सम्मानित किया गया। मोहम्मद जैद खान को मध्य प्रदेश ताइक्कांडो के सचिव सुनील भारती, शुभम जैन, डॉ. गुर्जर, रेहान खान, उमर खान, फैजान खान, राजेंद्र राजपूत, अमित कुशवाहा, शिवांश कुशवाहा, मोह अली और आदर्श बिसारे ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### एलपीजी गैस उपभोक्ता अपनी ई-केवाईसी जरूर करा लें

**खण्डवा।** एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी पर जाकर अपनी ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं से कहा है कि वे 31 अक्टूबर से पूर्व अपना आधार कार्ड, समग्र आई डी एवं बैंक पासबुक की प्रतियों के साथ तत्काल अपनी गैस एजेंसी जाकर ई-केवाईसी की कार्यवाही पूरी कर लें ।उन्होंने बताया कि ऐसा न करने पर भविष्य में संबंधित एलपीजी गैस कनेक्शनधारी की गैस सप्लाई अथवा गैस कनेक्शन निरस्त किया जा सकता है।

### मंत्री डॉ . शाह आज संदलपुर और खारकला जाएंगे

**खण्डवा।** जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह 25 सितंबर को जिले के संदलपुर एवं खारकला का दौरा कर विकास कार्यों का शुभारम्भ करेंगे ।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री विजय शाह प्रात: 11 बजे खण्डवा से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे कन्या शिक्षा परिसर संदलपुर के लिए सीमेंट कंक्रीट पहुंच मार्ग के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री डॉ. विजय शाह दोपहर 2 बजे संदलपुर से खारकला के लिए प्रस्थान कर दोपहर 2 :30 बजे खारकला में सांदीपनि विद्यालय पहुंच मार्ग का भूमि पूजन करेंगे एवं नवनिर्मित स्कूल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा अपराह्न 4 बजे खारकला से खण्डवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रक्तदान जनजागृति रैली



**खण्डवा।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्तदान जन जागरूकता रैली आयोजित की गई। यह रैली जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना हुई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . ओ .पी . जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ .अनिरुद्ध कौशल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश कोटवाले, ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. अतुल माने, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ . भूषण बांडे सहित अन्य चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग छात्राएं व कर्मचारी भी उपस्थित थे। यह जागरूकता रैली शहर के मुख्य मार्गों घंटाघर, केवलराम चौराहा, फूल गली, जलेबी चौक होते हुए जिला अस्पताल में सम्पन्न हुई। जिला अस्पताल परिसर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

## 40 पर बाउंड ओवर की कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे त्योहारों के मद्देनजर 13 गिरफ्तारी वारंट, 26 जमानती वारंट, 89 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

जिले के विभिन्न थानो में त्योहारों के मद्देनजर कुल 50 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 23 प्रकरणों मे 42 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 06 प्रकरण मे 08 अनावेदक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 40 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 26 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 10,000/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना हरसूद के आरोपी लखन पिता सीताराम जाति कोरकू उम्र 55 साल निवासी ग्राम सालियाखेडा मो. नं. अप्राप्त हैके कब्जे से शराब बेचने हेतु ले जाते हुये पकडा गया जिसके पास से कच्ची हाथ भट्टी देशी महुआ शराब कुल 10 लीटर कीमती 800/- रुपए की जप्त की गई। आरोपीया गंगाबाई पति शिवराम कंगाली जाति गौंड उम्र 55 साल निवासी ग्राम सालियाखेडा के कब्जे से शराब बेचने हेतु ले जाते हुये पकडा गया जिसके पास से कच्ची हाथ भट्टी देशी महुआ शराब कुल 10 लीटर कीमती 800/- रुपए की जप्त की गई। उक्त दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### सेवा पखवाड़ा में एस . एन . कॉलेज में विद्यार्थियों को दी ट्रेनिंग

**खण्डवा ।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़े के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने विद्यार्थियों को रक्त परीक्षण एवं रक्तदान का महत्व बताया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिरूद्ध कौशल ने विद्यार्थियों को एनीमिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के सम्बंध में जानकारी दी।

**पुलिस- बैठक** ▶ **सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर डीआईजी खरगोन द्वारा ली गई बैठक**

# सांप्रदायिकता फैलाने वालों पर बाउंड ओवर की कार्रवाई करें : डीआईजी



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में आगामी नवदुर्गा एवं दशहरा उत्सव को लेकर बैठक आयोजित की।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारनेकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे,समेत वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे।

जिले मे नवदुर्गा उत्सव, गरबा, चुनरी यात्रा,आरएसएस पथ संचलन, रावण दहन,नव दुर्गा विसर्जन,चल समारोह आदि कार्यक्रमों के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारों तथा थाना व चौकी प्रभारियों को संबोधित करते हुए बताया कि साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बाउन्ड ओवर की कार्रवाई की जाए।





थाना एवं बीट स्तर पर शांति समिति / मोहल्ला समिति की बैठक के साथ -साथ दुर्गा पांडाल आयोजकों की बैठक लेकर त्योहार को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाने के निर्देश दिए गए। दुर्गा पांडलों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीव्ही लगाने तथा वॉलेंटियर्स रखने के निर्देश दिए गए।

दुर्गा पंडाल मे लगे बिजली कनेक्सन चेक किया जाए कि कोई भी खुली तार ना रहे। अग्नि दुर्घटना एवं विद्युत दुर्घटना से बचाव की समुचित व्यवस्था की जाए।